फा.सं.डी-21021/01/2019-एनएमआरएफ
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र

ए-50, सेक्टर 62,
नोएडा, उत्तर प्रदेश
दिनांक: ५ सितंबर, 2020

कार्यालय ज्ञापन

**विषय:- हिंदी पखवाड़ा, 2020 के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन।**

राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यालय में 14 सितंबर से 30 सितंबर, 2020 के दौरान हिंदी पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी:

| | प्रतियोगिता का नाम | विषय | तिथि व समय | आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उद्घाटन समारोह एवं हिंदी कविता-पाठ प्रतियोगिता | स्वरचित कविता को प्राथमिकता दी जाएगी। | 14/09/2020 प्रात: 11 बजे | अंबर सभागार |
| 2. | वाद-विवाद प्रतियोगिता (हिंदी भाषी)<br>वाद-विवाद प्रतियोगिता (हिंदीत्तर भाषी) | (क). लॉकडाउन के फायदे और नुकसान?<br>(ख). क्या ऑनलाइन शिक्षा सही है-इस पर तर्क-वितर्क? | 15/09/2020 प्रात: 11 बजे | अंबर सभागार |
| 3. | हिंदी टिप्पण व प्रारूप लेखन प्रतियोगिता | प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा। | 17/09/2020 प्रात: 11 बजे | सम्मेलन कक्ष |
| 4. | हिंदी सुलेख प्रतियोगिता (एम.टी.एस.) | प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा | 18/09/2020 प्रात: 11 बजे | सम्मेलन कक्ष |
| 5. | अनुवाद प्रतियोगिता (हिंदी भाषी)<br>अनुवाद प्रतियोगिता (हिंदीत्तर भाषी) | प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा | 21/09/2020 प्रात: 11 बजे | सम्मेलन कक्ष |
| 6. | हिन्दी टाइपिंग | प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा | 22/09/2020 प्रात: 11 बजे | पुस्तकालय |
| 7. | पुरस्कार वितरण व समापन समारोह | - | 30/09/2020 03:00 बजे सांय | अंबर सभागार |

2. इन सभी प्रतियोगिताओं के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं दो प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जांएगे जो क्रमश: 2000, 1500, 1000, 500+500 रू. के होंगे। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि हर प्रतिभागी को अधिकतम दो प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, अर्थात विजेता प्रतिभागियों का दो से अधिक प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय या चतुर्थ स्थान होने पर भी वरीयता क्रम में उनसे नीचे के प्रतिभागी को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इससे उन प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा जिन्हें कोई पुरस्कार नहीं मिला है। विजेताओं को पुरस्कार देने के अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कार्मिकों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

लगातार पृ.सं...2

3. 14 सितंबर से 28 सितंबर 2020 तक पखवाड़ा मनाए जाने के पश्चात समापन-समारोह आयोजित किया जाएगा । समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा विजेता प्रतिभागियों द्वारा जीते गए पुरस्कारों की राशि उनके अकांउट में आरटीजीएस द्वारा भिजवाई जाएगी। यह समारोह वरिष्ठ अधिकारियों की सुविधानुसार पुनर्निर्धारित भी किया जा सकता है जिसकी सूचना ई-मेल द्वारा भेज दी जायेगी।

सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लें ।

यह ज्ञापन प्रमुख महोदय की सहमति से जारी किया जा रहा है ।

मनोज गुप्ता

**(मनोज गुप्ता)**
**निदेशक (प्रशा./स्था.), रा.म.अ.मौ.पू.कें**

**संलग्नक: नामांकन प्रपत्र**

सेवा में,

कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी।

**प्रतिलिपि सूचनार्थ:-**

1. सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-II भवन, 'ए' विंग, तीसरा तल, जय सिंह रोड़, नई दिल्ली - 110001
2. वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, संसदीय राजभाषा समिति, गृह मंत्रालय, 11, तीन मूर्ति मार्ग, नई दिल्ली-110011
3. संयुक्त निदेशक (रा.भा), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
4. प्रमुख महोदय के निजी सहायक
5. कंप्यूटर प्रभारी (कार्यालय की वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु अनुरोध के साथ)
6. गार्ड फाइल/नोटिस बोर्ड

भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केन्द्र
हिन्दी पखवाड़ा- 14 से 28 सितम्बर, 2020

## हिंदी पखवाड़ा 2020
## नामांकन प्रपत्र

नाम :

पदनाम :

अनुभाग :

प्रतियोगिताओं में भाग लेने का नाम :

हिंदी भाषी/हिंदीत्तर भाषी :

तारीख........................ आवेदक के हस्ताक्षर

**नोट: 1. हिन्दी अनुभाग (राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केन्द्र) को प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख 14 सितंबर 2020 है। आयोजित प्रतियोगिताओं में कार्यालय में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी मौके पर भी भाग ले सकते है।**

.................................................................................................................................

**सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने संबंधी उत्कृष्ट विचार/सुझाव/स्लोगन**

**विषय: कार्यालय में हिंदी पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन तथा नियम व शर्तें**

सरकार की राजभाषा नीति के सुचारु अनुपालन के सुनिश्चयन हेतु कार्यालय में दिनांक 14.09.2020 से 28.09.2020 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार, तृतीय पुरस्कार तथा दो प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए क्रमश: 2000, 1500, 1000 तथा 500 (दो) की राशि रखी गई है।

**प्रतियोगिता के नियम एवं सामान्य शर्तें निम्नानुसार है:**

1. सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि हर प्रतिभागी को अधिकतम दो प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, अर्थात विजेता प्रतिभागियों का दो से अधिक प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय या चतुर्थ स्थान होने पर भी वरीयता क्रम में उनसे नीचे के प्रतिभागी को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा । इससे उन प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा जिन्हें कोई पुरस्कार नहीं मिला है।
2. सभी प्रतियोगिताओं के परिणामों एवं अन्य विषयों पर निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा और उसके विरूद्ध कोई आपत्ति या अपील नहीं की जा सकेगी ।
3. न्यूनतम 30% अंक मिलने पर ही किसी को प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया जाएगा ।
4. विजेताओं को पुरस्कार देने के अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कार्मिकों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे ।
5. सभी लिखित प्रतियोगिताओं का समय 1½ घंटा होगा।
6. सभी लिखित प्रतियोगिताओं के लिए अधिकतम 100 अंक होंगे।
7. सभी प्रतियोगिताएं कोविड-19 के मद्देनजर सोशल डिस्टेसिंग आयोजित कराई जाएंगी।